# भारतवर्ष हमारा है (कविता)

प्रश्न-1 हमारे देश में कौन सा पर्वत और नदी है जिनके समान विश्व में न कोई दूसरा पर्वत है और न ही कोई नदी है?
उत्तर- हमारे देश में गंगा ऐसी नदी है और हिमालय ऐसा पर्वत है जिसके समान विश्व में दूसरा कोई पर्वत और नदी नहीं है।

प्रश्न-2 हमारा देश छह ऋतुओं का देश कहलाता है, बताइए वे छह ऋतुएं कौन-कौन सी हैं?
उत्तर- हमारे देश की छह ऋतुएं  ग्रीष्म, वर्षा, शरद, शिशिर, हेमंत और बसंत हैं।

प्रश्न-3 भारत का राष्ट्रगान क्या है? इसके रचयिता कौन हैं?
उत्तर- भारत का राष्ट्रगान जन-गण-मन है और इसके रचयिता रवींद्रनाथ टैगोर हैं।

प्रश्न-4 भारत का राष्ट्रगीत क्या है? इसके रचयिता कौन हैं?
उत्तर- भारत का राष्ट्रगीत वंदे मातरम् है और इसके रचयिता बंकिमचन्द्र चटर्जी हैं।

**************